# Report of Release of 21st Instalment of PM-KISAN Scheme

## at ICAR-Central Institute of Fisheries Education, Mumbai on November 19, 2025

The ICAR-Central Institute of Fisheries Education (ICAR-CIFE), Mumbai, organized a significant event to mark the release of the 21st instalment of the Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi (PM-KISAN) Scheme under the leadership of Dr. N.P Sahu, Director (Acting), ICAR-CIFE, Mumbai. The event was held at Room No. 319, New Campus, Yari Road, Versova, Mumbai, and commenced form 01:00 PM onwards.

The event began with a warm welcome and inaugural address by Dr. Swadesh Prakash, Dean Students' Welfare, ICAR-CIFE, who recognised the development of farmers under different schemes of Government of India. He also highlighted how PM-KISAN and other schemes have made overall development of the farmers of India. The importance of ICAR-CIFE in research, education, extension, and human resources development was also highlighted by him.

Dr. Debjit Sarma, Director In-Charge and Head, Aquaculture Division, ICAR-CIFE, Mumbai, Dr. Sarma highlighted the pivotal role of ICAR-CIFE in advancing higher education, research, and extension in the fisheries sector. He also welcomed the farmers present in the occasion, and invited the farmers for a discussion regarding their Methi farming success stories in Mumbai coastal region.

Representatives from the farmer community also shared their views, highlighting the need to include and extend the benefits of schemes to fisher communities. Shri Alok Yadav and Shri Ganesh represented the success in Methi farming in Mumbai coastal region and showed their success story documentary to all.

Dr. Sikendar Kumar, Senior Scientist, FNBP Division, discussed the importance of Methi as a source of various important nutritional components to human health. He also highlighted how the food and nutritional security required for India and contribution of fisheries to it.

The programme was attended by 6 farmers of Versova, Juhu, Madh, Manori etc along with 8 visiting farmers from Himachal Pradesh. ICAR-CIFE scientists, staff, students also attended the programme.

Following the felicitation of the Chief Guest, the gathering joined the national live broadcast from Coimbatore, where Hon'ble Prime Minister Narendra Modi addressed the nation on the occasion of the 21st instalment of the PM-KISAN Scheme.

The event concluded with a vote of thanks and a renewed commitment from ICAR-CIFE to continue serving India's fisheries sector through innovation, inclusivity, and excellence.

This event was simultaneously organised in all the regional centres of ICAR-CIFE in Kolkata, Rohtak, Powerkheda, Motipur and Kakinada. A total of 264 participants, including 141 male and 15 female farmers, attended the programme at all the centres.

The event was organized by Fisheries Economics, Extension and Statistics Division of ICAR-CIFE and coordinated Dr Swadesh Prakash, Nodal officer of the event and Dr Prasenjit Pal, Senior Scientist, FEES Division.

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) योजना की 21वीं किस्त के विमोचन पर रिपोर्ट
## आईसीएआर–केंद्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान (ICAR-CIFE), मुंबई
## 19 नवंबर 2025

आई सी ए आर–केंद्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान (ICAR-CIFE), मुंबई ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) योजना की 21वीं किस्त के विमोचन के अवसर पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम डॉ. एन.पी. साहू, निदेशक (कार्यवाहक), ICAR-CIFE, मुंबई के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन कक्ष संख्या 319, नए परिसर, यारी रोड, वर्सोवा, मुंबई में दोपहर 01:00 बजे से किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. स्वदेश प्रकाश तिवारी, डीन ( छात्र कल्याण ) ICAR-CIFE के स्वागत भाषण और उद्घाटन संबोधन के साथ हुई। उन्होंने भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों के विकास को रेखांकित किया। उन्होंने विशेष रूप से PM-KISAN और अन्य योजनाओं द्वारा देश के किसानों के समग्र विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने ICAR-CIFE के अनुसंधान, शिक्षा, विस्तार और मानव संसाधन विकास में योगदान को भी उजागर किया।

डॉ. देबजीत शर्मा, प्रभारी  निदेशक एवं प्रमुख, जलीय कृषि प्रभाग, ICAR-CIFE, मुंबई ने संस्थान की मत्स्य क्षेत्र में उच्च शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित किसानों का स्वागत किया तथा मुंबई के तटीय क्षेत्र में मेथी खेती में उनकी सफलता की कहानियों पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया।

किसान समुदाय के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे और यह सुझाव दिया कि विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मत्स्य समुदाय तक भी व्यापक रूप से पहुँचाया जाना चाहिए। श्री आलोक यादव और श्री गणेश ने मुंबई तटीय क्षेत्र में अपनी मेथी खेती की सफलता का अनुभव साझा किया और अपनी सफलता की डॉक्यूमेंट्री सभी को प्रदर्शित की।

डॉ. सिकंदर कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक, FNBP प्रभाग, ने मेथी के पोषण संबंधी महत्व और मानव स्वास्थ्य में इसके लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा तथा उसमें मत्स्य क्षेत्र के योगदान पर भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में वर्सोवा, जुहू, मढ़, मणोरी आदि क्षेत्रों के 6 किसानों के साथ हिमाचल प्रदेश से आए 8 किसानों ने भाग लिया। ICAR-CIFE के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और छात्रों ने भी कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज की।

मुख्य अतिथि के सम्मान समारोह के उपरांत, सभी प्रतिभागी कोयंबटूर से प्रसारित राष्ट्रीय लाइव कार्यक्रम से जुड़े, जहाँ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने PM-KISAN योजना की 21वीं किस्त के अवसर पर राष्ट्र को संबोधित किया।


कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ तथा ICAR-CIFE ने नवाचार, समावेशिता और उत्कृष्टता के माध्यम से भारत के मत्स्य क्षेत्र की सेवा जारी रखने के अपने संकल्प को दोहराया।

यह कार्यक्रम ICAR-CIFE के सभी क्षेत्रीय केंद्रों—कोलकाता, रोहतक, पावरखेड़ा, मोतिपुर और काकीनाडा—में भी एक साथ आयोजित किया गया। सभी केंद्रों में कुल 264 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 141 पुरुष और 15 महिला किसान शामिल थे।

यह कार्यक्रम ICAR-CIFE के मत्स्य अर्थशास्त्र, विस्तार एवं सांख्यिकी (FEES) प्रभाग के द्वारा आयोजित किया गया तथा डॉ. स्वदेश प्रकाश (कार्यक्रम के नोडल अधिकारी) और डॉ. प्रसेंजीत पाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक, FEES प्रभाग द्वारा समन्वित किया गया।

# PM KISAN 21st Instalment (19/11/2025)






GPS Map Camera
East Godavari, Andhra Pradesh, India
X288+hw2, Andhra Pradesh 533343, India, East Godavari,
Andhra Pradesh 533343, India
Lat 16.966354° Long 82.017247°
Wednesday, 19/11/2025 11:54 AM GMT +05:30
Google



